www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**UGC NET Paper 3 December 30, 2012 Shift 1 Political Science Question Paper**

# PAPER-III
# POLITICAL SCIENCE

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) __________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**D 0 2 1 2**

Time : 2 $^1/_2$ hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **20**

Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# POLITICAL SCIENCE
## PAPER – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** The word 'theory', derived from the Greek word 'Theoria' means
(A) A well organized political system
(B) A well focused mental look
(C) A well articulated economic structure
(D) A system of physical arrangement

**2.** Who, among the following, is not associated with decline of political theory ?
(A) Peter Laslett
(B) David Easton
(C) Jean Blondel
(D) Alfred Cobban

**3.** Who said 'negative liberty is superior to positive liberty' ?
(A) J.S. Mill
(B) Isaiah Berlin
(C) T.H. Green
(D) Ernest Barker

**4.** Which one among the following statements is true ?
(A) Social Justice violates the principles of equality.
(B) Social Justice is derived from moral reasonableness.
(C) Social justice is a negation of justice
(D) Social justice is an instrument of political manipulation.

**5.** Which one among the following was the first mass movement Mao led ?
(A) The Cultural Revolution
(B) The Great Leap Forward
(C) Let hundred flowers blossom and hundred schools of thought contend.
(D) None of the above

**6.** The term 'Leninism' was coined by
(A) Trotsky (B) Stalin
(C) Marx (D) Mao

**7.** Who is the author of the book *The Good Boatman* ?
(A) Erikson
(B) Rajmohan Gandhi
(C) Romain Rolland
(D) Noema

**8.** Which one among the following statements is true ?
(A) Plato's Republic is a book on ethics
(B) It is a book on politics
(C) It is both on ethics and politics
(D) It is a book on education

**9.** Which one among the following is not written by M.N. Roy ?
(A) The Future of Indian Politics
(B) Gandhism, Nationalism and Socialism
(C) New Humanism
(D) Nationalism, Rationality and Revolution

**10.** Who among the following has compared fortune with a woman ?
(A) M.N. Roy
(B) Rousseau
(C) Hobbes
(D) Machiavelli

**11.** Which one among the following is not a work about alienation ?
(A) Paris Manuscripts
(B) Theses on Feuerbach
(C) Poverty of Philosophy
(D) The German Ideology

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# राजनीति विज्ञान

## प्रश्नपत्र – III

**सूचना :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** थ्योरी शब्द ग्रीक शब्द 'थ्योरिया' से आया है, जिससे अभिप्राय है

(A) एक सुगठित राजनीतिक व्यवस्था ।

(B) सुकेन्द्रित मानसिक दृष्टिकोण ।

(C) सु प्रत्याशित आर्थिक संरचना ।

(D) एक वास्तविक व्यवस्था पद्धति ।

**2.** राजनीतिक सिद्धान्त के अस्वीकरण के लिए निम्नलिखित में से कौन संबद्ध नहीं है ?

(A) पीटर लैसले

(B) डेविड ईस्टन

(C) जीन ब्लॉन्डेल

(D) अल्फ्रेड कोबन

**3.** निम्नलिखित में से किसने कहा है कि नकारात्मक स्वतन्त्रता सकारात्मक स्वतन्त्रता से उच्च होती है ?

(A) जे.एस. मिल

(B) इसिआह बर्लिन

(C) टी.एच. ग्रीन

(D) अर्नेस्ट बार्कर

**4.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?

(A) सामाजिक न्याय समता के सिद्धान्तों का उल्लंघन करता है ।

(B) सामाजिक न्याय नैतिक तर्क संगतता से प्राप्त होता है ।

(C) सामाजिक न्याय, न्याय का निषेध है ।

(D) सामाजिक न्याय राजनीतिक कार्य साधन है ।

**5.** निम्नलिखित में से कौन सा माओ के नेतृत्व में सर्वप्रथम जन आंदोलन था ?

(A) सांस्कृतिक क्रान्ति ।

(B) ग्रेट लीप फॉरवर्ड ।

(C) सैकड़ों फूल खिलने दो और अनेकों विचार संप्रदायों को शामिल होने दो ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**6.** 'लेनिनवाद' की खोज किसके द्वारा की गई ?

(A) ट्रॉटस्की

(B) स्टेलिन

(C) मार्क्स

(D) माओ

**7.** 'द गुड बोटमैन' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) एरिक्सन

(B) राजमोहन गांधी

(C) रोमियां रोलां

(D) नीयमा

**8.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?

(A) प्लेटो की रिपब्लिक नीतिशास्त्र की पुस्तक है ।

(B) यह राजनीति की पुस्तक है ।

(C) यह नीति और राजनीति दोनों की पुस्तक है ।

(D) यह शिक्षा की पुस्तक है ।

**9.** निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक श्री एम.एन. रॉय द्वारा नहीं लिखी गई है ?

(A) द फ्यूचर ऑफ इंडियन पॉलिटिक्स ।

(B) गांधीज्म, नैशनलिज्म एंड सोशलिज्म ।

(C) न्यू ह्यूमनिज्म् ।

(D) नेशनलिज्म, रैशनेलिटी और रिवोल्यूशन ।

**10.** निम्नलिखित में से किसने धन की तुलना महिला से की है ?

(A) एम. एन. रॉय

(B) रूसो

(C) हॉब्स

(D) मैक्यावेली

**11.** निम्नलिखित में से कौन सा 'एलीनेशन' से संबंधित नहीं है ?

(A) पेरिस पांडुलिपियाँ ।

(B) फ्यूरबख पर शोध प्रबन्ध ।

(C) पॉवर्टी ऑफ फिलॉसफी ।

(D) जर्मन विचारधारा (ऑडियोलॉजी) ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**12.** General Will means
(A) Actual Will
(B) Majority Will
(C) Sum total of Wills
(D) Real Will

**13.** **Assertion (A) :** Social Contract established a sovereign Government.
**Reason (R) :** Citizens do have an absolute obligation to obey all laws or accept any form of Government.
In the context of the two statements, which one of the following is correct ?
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**14.** Match the List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below with reference to Aristotle and Plato :

| **List – I (Pure form)** | **List – II (Degenerated form)** |
|---|---|
| a. Monarchy | i. Democracy |
| b. Aristocracy | ii. Tyranny |
| c. Polity | iii. Oligarchy |
| d. Ideal State | iv. Timocracy (First stage) |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | ii | iii |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | iv | iii | ii |

**15.** What is the chronological correct sequence of the following books ?

| | |
|---|---|
| i. Richard Attenborough | *In Search of Gandhi.* |
| ii. Louis Fisher | *The Life of Mahatma Gandhi* |
| iii. E.H. Erikson | *Gandhi's Truth* |
| iv. J. Eaton | *Gandhi : Fighter Without a Sword* |

Select the correct answer from the codes given below :
**Codes :**
(A) iv, ii, iii, i
(B) iii, i, ii, iv
(C) ii, iv, iii, ii
(D) i, ii, iv, iii

**16.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (System Theorists)** | **List – II (System)** |
|---|---|
| 1. Bertallanfy | a. a set of elements standing in interaction |
| 2. Hall and Fagen | b. a whole which is compounded of many parts |
| 3. Easton | c. a set of objects together with relationships between the objects and their attributes |
| 4. Colin Cherry | d. a set of interactions |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**17.** Who among the following presents a 'flow model' of political system ?
(A) Gabriel Almond
(B) David Easton
(C) Morton Kaplan
(D) Oran Young

**18.** Almond borrowed most of the terminology of his approach from
(A) Robert K. Merton
(B) Talcott Parsons
(C) Malinowski
(D) Arthur Bentley

**19.** Who among the following attached great importance to a balance between the principles of equality and capacity in political development ?
(A) Lucian Pye
(B) Huntington
(C) Fred Riggs
(D) Danil Lerner

**12.** सामान्य इच्छा से अभिप्राय है

(A) यथार्थ इच्छा (B) अधिकांश इच्छा

(C) सम्पूर्ण इच्छा (D) वास्तविक इच्छा

**13.** **कथन** (A) : सामाजिक संविदा से संप्रभु सरकार स्थापित की थी ।

**कारण** (R) : नागरिकों को सभी कानूनों का पालन करने अथवा किसी भी प्रकार की सरकार को स्वीकार करने की पूर्ण बाध्यता है ।

दोनों कथनों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है ?

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है ।

**14.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और अरस्तू और प्लेटो के सन्दर्भ में नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची-I (शुद्ध रूप)** | | **सूची-II (अपभ्रष्ट रूप)** |
|---|---|---|---|
| a. | राजतन्त्र | i. | लोकतन्त्र |
| b. | कुलीन तन्त्र | ii. | टिरनी (अत्याचारी शासन) |
| c. | राज्य व्यवस्था | iii. | अल्पतन्त्र |
| d. | आदर्श राज्य | iv. | सम्मान तन्त्र (प्रथम अवस्था) |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | ii | iii |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | iv | iii | ii |

**15.** निम्नलिखित पुस्तकों का सही कालक्रम अनुक्रम क्या है ?

| | **लेखक** | **पुस्तक** |
|---|---|---|
| i. | रिचर्ड एटनबरो | इन सर्च ऑफ गांधी |
| ii. | लुईस फिशर | द लाइफ ऑफ महात्मा गांधी |
| iii. | ई.एच. इरकसन | गांधीज़ ट्रुथ |
| iv. | जे. ऐटोन | गांधी : फाइटर विदआउट ए सोर्ड |

नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर का चयन करें :

**कोड** :

(A) iv, ii, iii, i (B) iii, i, ii, iv

(C) ii, iv, iii, ii (D) i, ii, iv, iii

**16.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची-I (पद्धति सिद्धान्तवादी)** | **सूची-II (पद्धति)** |
|---|---|
| 1. बर्टालनफाई | a. अन्त:क्रिया में आने वाले तत्त्वों का समूह |
| 2. हॉल एंड फेजन | b. एक पूर्ण जो अनेकों के संयोजन से बनता है |
| 3. ईस्टन | c. वस्तुओं का एक समूह तथा वस्तुओं और उनके गुणों के बीच संबंध |
| 4. कोलन चेरी | d. अन्त:क्रिया का समूह |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**17.** निम्नलिखित में से किसने राजनीतिक व्यवस्था 'फ्लो मॉडल' प्रस्तुत किया है ?

(A) गेबराइल ऑलमंड

(B) डेविड ईस्टन

(C) मॉर्टन कपलन

(D) आरन युंग

**18.** आलमंड ने अपने दृष्टिकोण की अधिकतर शब्दावली किससे ली है ?

(A) रॉबर्ट के. मर्टन (B) टेलकॉट पार्सन्स

(C) मेलिनोवस्की (D) आर्थर बेंतले

**19.** निम्नलिखित में से किसने राजनीतिक विकास में समता और क्षमता के सिद्धान्तों के बीच सन्तुलन को अधिक महत्त्व दिया है ?

(A) लूसियन पाई (B) हंटिंगटन

(C) फ्रेड रिग्स (D) डेनिल लर्नर

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** Who among the following is associated with the "will and capacity" approach to the study of political development ?

(A) Lucian Pye
(B) Organski
(C) Halpern
(D) David Apter

**21.** Who among the following has connected cultures with civilizations ?

(A) Almond and Verba
(B) Huntington
(C) Lucian Pye
(D) Edward Shils

**22.** "We are under the Constitution but the Constitution is what the judges say it is". Which of the following countries can this be applicable to ?

1. India
2. America
3. Switzerland
4. Australia

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) 1 and 3 (B) 1 and 2
(C) 2 and 3 (D) 3 and 4

**23.** Who among the following has associated the origins of political parties with three theories – institutional theories, historical crisis theories and development theories ?

(A) La Palombara and Myron Weiner
(B) Peter K. Merkl
(C) Harry Eckstein
(D) Jean Blondel

**24.** Which of the following statements are not correct ?

1. The Swiss Federal Tribunal has the power to declare unconstitutional a law passed by the Federal Legislature.
2. The Communist Party is banned in the U.S.A.
3. The Constitution of India on the date of its commencement did have a provision that the advice of the Council of Ministers would be binding on the President.
4. Tories in England are known as Conservatives.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) 1 and 2 (B) 2 and 3
(C) 2 and 4 (D) 1 and 3

**25.** "There can be no comparison between the positions of number one and numbers two, three or four." Who said this about the British Prime Minister ?

(A) Harold Laski
(B) Margaret Thatcher
(C) Harold Wilson
(D) Winston Churchill

**26.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Once the leaders reach the pinnacle of power, nothing can bring them down.

**Reason (R) :** The majority of human beings, according to Michels, are apathetic, indolent and slavish.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** निम्नलिखित में से कौन राजनीतिक विकास के अध्ययन के लिए "संकल्प और क्षमता" (विल एंड कैपेसिटी) के सिद्धान्त से संबद्ध है ?

(A) लुसियन पाई

(B) ऑरगांस्की

(C) हलपर्न

(D) डेविड एप्टर

**21.** निम्नलिखित में से किसने संस्कृतियों को सभ्यताओं के साथ जोड़ा है ?

(A) आलमंड और वर्बा

(B) हंटिंगटन

(C) लुसियन पाई

(D) एडवर्ड शिल्स

**22.** "हम संविधान के अधीन हैं पर संविधान वह है जो न्यायाधीशों द्वारा मान्य हो" यह निम्नलिखित में से किस देश पर लागू हो सकता है ?

1. भारत
2. अमरीका
3. स्विट्जरलैंड
4. ऑस्ट्रेलिया

नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर का चयन करें :

**कोड** :

(A) 1 और 3

(B) 1 और 2

(C) 2 और 3

(D) 3 और 4

**23.** निम्नलिखित में से किसने राजनीतिक दलों के उद्‌भव को तीन सिद्धान्तों के साथ जोड़ा है ? संस्थागत सिद्धान्त, ऐतिहासिक संकट सिद्धान्त और विकास सिद्धान्त

(A) ला पैलोम्बरा और माइरन वीनर

(B) पीटर के. मर्कल

(C) हैरी एकस्टीन

(D) जीन ब्लॉन्डेल

**24.** निम्नलिखित में से कौन से अभिकथन सत्य नहीं है ?

1. स्विस संघीय अधिकरण को, संघीय विधानमंडल द्वारा पारित किसी कानून को असंवैधानिक घोषित करने की शक्ति प्राप्त है ।
2. यू.एस.ए. में कम्युनिस्ट पार्टी प्रतिबन्धित है ।
3. भारत के संविधान में इसके लागू होने के समय प्रारम्भ में यह प्रावधान था कि मन्त्री परिषद की सलाह राष्ट्रपति के लिए बाध्य होगी ।
4. इंग्लैंड में टोरीस को रूढ़िवादी (कन्ज़रवेटिव) माना जाता है ।

नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर का चयन करें :

**कोड** :

(A) 1 और 2

(B) 2 और 3

(C) 2 और 4

(D) 1 और 3

**25.** "नम्बर एक और नम्बर दो, तीन या चार की हैसियत की कोई तुलना नहीं की जा सकती है ।" ब्रिटिश प्रधानमन्त्री के बारे में यह किसका कथन है ?

(A) हैराल्ड लास्की

(B) मार्गरेट थैचर

(C) हैराल्ड विल्सन

(D) विन्सटन चर्चिल

**26.** नीचे दो अभिकथन दिए गए हैं । एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**कथन** (A) : नेता जब एक बार शक्ति की पराकाष्ठा पर पहुँच जाते हैं तो उन्हें कोई चीज़ नीचे नहीं गिरा सकती है ।

**कारण** (R) : माइकेल के अनुसार अधिकतर मनुष्य उदासीन, अकर्मण्य और चापलूस होते हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, किन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सत्य है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**27.** Which of the following pairs are not correctly matched ?

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Pareto | Circulation of elites |
| 2. | Mosca | Theory of the masses |
| 3. | Michels | Concept of mass mind |
| 4. | Gasset | Political formula |

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) 2 and 4 (B) 1 and 2
(C) 3 and 4 (D) 2 and 3

**28.** Which of the following countries have dual citizenship – National citizenship and State citizenship ?

(A) India and U.S.A.
(B) India and Switzerland
(C) Switzerland and U.S.A.
(D) U.S.A. and U.K.

**29.** Which of the following statements are not correct ?

1. The U.S. President can seek election to the office of President for any number of times.
2. The President of India has been sending messages to Parliament.
3. Two-thirds members of Rajya Sabha retire every two years.
4. The residuary powers rest with the States in the United States of America.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) 1, 2 and 4 (B) 1, 2 and 3
(C) 2, 3 and 4 (D) 1, 3 and 4

**30.** The elite theory was first started in

(A) the United States of America
(B) the United Kingdom
(C) Central and Western European Countries
(D) Australia

**31.** The Preamble of the Constitution of India enshrines the ideals of liberty, equality and fraternity – ideals mainly inspired by the

(A) Russian Revolution
(B) Irish Revolution
(C) French Revolution
(D) Cultural Revolution

**32.** The name of a candidate for the Office of President of India is proposed by

(A) any five citizens of India
(B) any five Members of the Parliament
(C) any fifty Members of the Electoral College
(D) any ten members of the Electoral College

**33.** Which of the following Articles were not part of the original Constitution of India ?

(i) Art. 52A (ii) Art. 51A
(iii) Art. 14 (iv) Art. 300A

Select the correct answer from the codes given below :

(A) (i) and (ii) (B) (i) and (iii)
(C) (ii) and (iii) (D) (ii) and (iv)

**34.** Who among the following former Presidents of India kept the 'Indian Post Office Amendment Bill' pending ?

(A) Zakir Hussain
(B) V.V. Giri
(C) Zail Singh
(D) Dr. Shanker Dayal Sharma

**35.** Who said 'All Communalism is harmful' ? The logic of minority Communalism is separatism, and majority communalism culminates in Fascism ?

(A) Bhikhu Parekh
(B) T.N. Madan
(C) Bipin Chandra
(D) Ashish Nandy

**27.** निम्नलिखित में से कौन से युग्म का सही मेल नहीं किया गया है ?

1. पैरेटो — अभिजन का संचार
2. मोस्का — जन-सिद्धान्त
3. माइकेल — जन-धारणा
4. गैसेट — राजनीतिक फार्मूला

प्रदत्त कोड से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कोड :**

(A) 2 और 4
(B) 1 और 2
(C) 3 और 4
(D) 2 और 3

**28.** निम्नलिखित में से किस देश को प्राप्त है : दोहरी नागरिकता, राष्ट्रीय नागरिकता, राज्य नागरिकता ?

(A) भारत और यू.एस.ए.
(B) भारत और स्विट्जरलैंड
(C) स्विट्ज़रलैंड और यू.एस.ए.
(D) यू.एस.ए. और यू.के.

**29.** निम्नलिखित में से कौन से अभिकथन असत्य हैं ?

1. अमेरिका के राष्ट्रपति, राष्ट्रपति पद के लिए अनेकों बार चुनाव लड़ सकते हैं ।
2. भारत के राष्ट्रपति संसद को संदेश भेजते रहते हैं ।
3. राज्य सभा के दो-तिहाई सदस्य हर दो वर्ष में सेवा-निवृत्त हो जाते हैं ।
4. अमेरिका में अवशिष्ट शक्तियाँ राज्यों को विहित होती हैं ।

नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर का चयन करें :

**कोड :**

(A) 1, 2 और 4
(B) 1, 2 और 3
(C) 2, 3 और 4
(D) 1, 3 और 4

**30.** अभिजन सिद्धान्त सर्वप्रथम कहाँ आरम्भ हुआ ?

(A) अमेरिका
(B) यूनाइटेड किंगडम
(C) सेन्ट्रल और वेस्टर्न यूरोपीय देशों में
(D) ऑस्ट्रेलिया

**31.** भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उदारता, समानता तथा भाईचारे के आदर्श प्रतिष्ठापित हैं । इसकी प्रेरणा मुख्यत: किससे मिली है ?

(A) रशियन क्रान्ति
(B) आयरिश क्रान्ति
(C) फ्रांसिसी क्रान्ति
(D) सांस्कृतिक क्रान्ति

**32.** भारत के राष्ट्रपति के पद के लिये प्रत्याशी का नाम कौन प्रस्तावित करता है ?

(A) भारत के कोई भी पाँच नागरिक ।
(B) संसद के कोई भी पाँच सदस्य ।
(C) निर्वाचक कॉलेज़ के कोई भी पचास सदस्य ।
(D) निर्वाचक कॉलेज़ के कोई भी दस सदस्य ।

**33.** निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद भारत के मूल संविधान का अंश नहीं है ?

(i) अनुच्छेद 52ए (ii) अनुच्छेद 51ए
(iii) अनुच्छेद 14 (iv) अनुच्छेद 300ए

नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

(A) (i) और (ii)
(B) (i) और (iii)
(C) (ii) और (iii)
(D) (ii) और (iv)

**34.** भारत के निम्नलिखित पूर्व राष्ट्रपति में से किसने "भारतीय डाक-घर संशोधन बिल" को लम्बित रखा ?

(A) ज़ाकिर हुसैन
(B) वी.वी. गिरि
(C) जैल सिंह
(D) डॉ. शंकर दयाल शर्मा

**35.** किसने कहा है कि 'सभी की साम्प्रदायिकता हानिकारक है' ? अल्पसंख्यक साम्प्रदायिकता का तर्क पृथकता है, और बहुसंख्यक साम्प्रदायिकता अंतत: फासिज़्म में फलीभूत होती है ।

(A) भिखु पारिख
(B) टी..एन. मदान
(C) बिपिन चन्द्र
(D) आशीष नंदी

**36.** Who wrote the book, "Democracy and Discontent" ?
(A) James Manor (B) Atul Kohli
(C) Zoya Hasan (D) MSA Rao

**37.** Who emphasized the emergence of "a market polity" in India ?
(A) Stanley A. Kochanek
(B) James Manor
(C) Morris-Jones
(D) Paul Brass

**38.** Who described the nature of Indian State as 'incremental democratic modernization' ?
(A) Morris John
(B) Rajni Kothari
(C) Francine Frankel
(D) Susan and Lloyd Rudolph

**39.** An alliance of national elites and the entrepreneurial class as a basis of development at the Centre does not preclude re-distributive concessions automatically.' Who said ?
(A) Partha Chatterjee
(B) Atul Kohli
(C) Yogendra Yadav
(D) Paul Brass

**40.** Match List – I with List – II and choose the correct answer from the codes given below :

| List – I Books | List – II Authors |
|---|---|
| a. Language, Religion and Politics | i. Jagdish Bhagwati |
| b. Party building in a New Nation | ii. Paul Brass |
| c. The Painful Transition : Bourgeois Democracy in India | iii. Myron Weiner |
| d. India in Transition : Freeing the Economy | iv. Achin Vanaik |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | iii | ii | i | iv |
| (C) | i | iv | iii | ii |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**41.** Identify the correct sequence in which the following Committees were appointed. Use the code given below :
i. Balwant Rai Mehta Committee
ii. L.M. Singhvi Committee
iii. G.V.K. Rao Committee
iv. Ashok Mehta Committee

**Codes :**
(A) i, iv, iii, ii
(B) ii, iii, i, iv
(C) iii, ii, iv, iii
(D) iv, i, ii, iii

**42.** **Assertion (A) :** Political parties in India have expanded their reach but their legitimacy has been deeply eroded.
**Reason (R) :** The consolidation of the party system at the State level cannot be aggregated at the National level.
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**43.** Which among the following Articles of the Constitution of India has ensured through legislation the participation of workers in management ?
(A) Article 42
(B) Article 43
(C) Article 43A
(D) Article 49A

**44.** Who among the following termed Art. 356 as a "safety valve" ?
(A) Dr. Rajendra Prasad
(B) Dr. B.R. Ambedkar
(C) Jawaharlal Nehru
(D) Sardar Vallabhbhai Patel

**36.** "डेमोक्रेसी एण्ड डिस्कंनटेंट" पुस्तक का लेखक कौन है ?

(A) जेम्स मेनर (B) अतुल कोहली
(C) ज़ोया हसन (D) एम एस ए राव

**37.** भारत में 'विपणन राज्यतन्त्र' के उभार पर किसने बल दिया था ?

(A) स्टेनले ए. कोचानेक
(B) जेम्स मेनर
(C) मोरिस-जोनस
(D) पॉल ब्रास

**38.** भारतीय राज्य के स्वरूप को "वृद्धि संबंधी लोकतन्त्रात्मक आधुनिकीकरण" माना है

(A) मॉरिस जॉन ने
(B) रजनी कोठारी ने
(C) फ्रेन्कीन फ्रेन्केल ने
(D) सूसन एंड लॉयड रुडॉल्फ ने

**39.** राष्ट्रीय अभिजन और केन्द्र में विकास के आधार स्वरूप उद्यम वृत्ति वर्ग समझौता पुन: वितरण योग्य छूट का स्वत: निषेध नहीं करता है । यह किसका कथन है ?

(A) पार्थ चटर्जी (B) अतुल कोहली
(C) योगेन्द्र यादव (D) पॉल ब्रास

**40.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची-I (पुस्तक)** | **सूची-II (लेखक)** |
|---|---|
| a. लैंग्वेज़, रिलीजन एंड पॉलिटिक्स | i. जगदीश भगवती |
| b. पार्टी बिल्डिंग इन ए न्यू नेशन | ii. पॉल ब्रास |
| c. द पेनफुल ट्रांसीशन बॉर्गोइस डेमोक्रेसी इन इंडिया | iii. मायरन वीनर |
| d. इंडिया इन ट्रांसीशन : फ्रीइंग द इकोनॉमी | iv. अचिन वनाइक |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | iii | ii | i | iv |
| (C) | i | iv | iii | ii |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**41.** निम्नलिखित समितियों के गठन का सही अनुक्रम बताएँ । नीचे दिए गए कोड का प्रयोग करें :

i. बलवन्त राय मेहता समिति
ii. एल.एम.सिंघवी समिति
iii. जी.वी.के. राव समिति
iv. अशोक मेहता समिति

**कोड** :

(A) i, iv, iii, ii
(B) ii, iii, i, iv
(C) iii, ii, iv, iii
(D) iv, i, ii, iii

**42.** **अभिकथन** (A) : भारत में राजनीतिक दलों ने अपनी पहुँच बढ़ा दी है, परन्तु उनकी वैधता को गहन क्षति पहुँची है ।

**कारण** (R) : राजकीय स्तर पर दल (या पार्टी) व्यवस्था के समेकन को राष्ट्रीय स्तर पर संकलित नहीं किया जा सकता है ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**43.** भारत के संविधान का कौन सा अनुच्छेद प्रबन्धन में विधान के माध्यम से कर्मचारियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करता है ?

(A) अनुच्छेद 42
(B) अनुच्छेद 43
(C) अनुच्छेद 43A
(D) अनुच्छेद 49A

**44.** निम्नलिखित में से किसने अनुच्छेद 356 को 'सुरक्षा कपाट' कहा है ?

(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(B) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) सरदार वल्लभभाई पटेल

Prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** Match List – I with List – II and choose the correct answer from the codes given below :

| List – I<br>Books | | List – II<br>Authors |
|---|---|---|
| a. Dalit Visions : The Anti-Caste Movement and the Construction of Indian Identity | i. | Zoya Hasan |
| b. Peasant Movements in India | ii. | V. Venkatesan |
| c. Foreign Identities, Gender Communities and the State (Ed.) | iii. | Gail Omvedt |
| d. Institutionalising Panchayati Raj in India | iv. | D.N. Dhanagre |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**46.** Consider the following statements about Civil Service in a developing society :

1. It should act as an instrument of change.
2. It should have concern for social equity.
3. It should have common concern for vested interests.
4. It should be politically neutral.

Select the correct statements from the codes given below :

(A) 1, 2, 3 and 4 (B) 1, 3 and 4
(C) 1, 2 and 4 (D) 2, 3 and 4

**47.** Match List – I with List – II and choose the correct answer from the codes given below :

| List – I | | List – II |
|---|---|---|
| a. Span of attention | i. | Mooney and Reiley |
| b. Scalar process | ii. | F.W. Taylor |
| c. Human Relations Theory | iii. | V.A. Graicunas |
| d. Functional Foremanship | iv. | Elton Mayo |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | iii | i | iv | ii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**48.** Which one of the following was not included as a principle of administration by Willoughby in his 'Principles of Public Administration' ?

(A) General and overhead administration
(B) Coordination
(C) Finance
(D) Personnel administration

**49.** The principle of unity of command mainly ensures

(A) Accountability
(B) Specialization
(C) Acceptability
(D) Coordination

**50.** Which one of the following is not one of the main characteristics of Taylor's scientific management ?

(A) Time and motion studies
(B) Participation in decision making
(C) Differential piece-rate system
(D) Functional foremanship

Prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कोड़ों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची-I (पुस्तकें)** | **सूची-II (लेखक)** |
|---|---|
| a. दलित विजिन्स : दी एंटि-कास्ट मूवमेन्ट एण्ड दी कंस्ट्रक्शन ऑफ इंडियन आइडेन्टिटी | i. ज़ोया हसन |
| b. पैज़ेन्ट मूवमेंट्स इन इंडिया | ii. वी. वेंकटेसन |
| c. फॉरेन आइडेन्टिटीस, जेण्डर कम्युनिटीस एण्ड दी स्टेट (एडि.) | iii. गेल ऑम्वेट |
| d. इंस्टीट्यूशन्लाइजिंग पंचायती राज इन इंडिया | iv. डी.एन. धनाग्रे |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**46.** विकासशील समाज में सिविल सेवा के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. इसे परिवर्तन के उपकरण के रूप में क्रिया करनी चाहिये ।
2. सामाजिक समता के लिये इसका सरोकार होना चाहिये ।
3. निहित स्वार्थों के लिये इसका सर्वनिष्ठ सरोकार होना चाहिये ।
4. इसे राजनीतिक रूप से तटस्थ होना चाहिये ।

नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

(A) 1, 2, 3 और 4
(B) 1, 3 और 4
(C) 1, 2 और 4
(D) 2, 3 और 4

**47.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| a. ध्यान देने का विस्तार | i. मूनी तथा रेली |
| b. श्रेणी प्रक्रिया | ii. एफ.डब्लू. टेलर |
| c. मानवीय सम्बन्ध सिद्धान्त | iii. वी.ए. ग्रेक्यूनास |
| d. प्रकार्यात्मक फ़ोरमैनी प्रक्रिया | iv. एल्टन मेयो |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | iii | i | iv | ii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**48.** विलोबी द्वारा अपनी पुस्तक 'प्रिंसिपल्स ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन' में प्रशासन के सिद्धान्त के रूप में निम्नलिखित में से कौन सा सम्मिलित नहीं किया गया है ?

(A) सामान्य उपरला प्रशासन
(B) समन्वय
(C) वित्त
(D) वैयक्तिक प्रशासन

**49.** आदेश का एकता सिद्धान्त मुख्यत: निम्नलिखित को सुनिश्चित करता है ?

(A) जवाबदेयता
(B) विशिष्टीकरण
(C) स्वीकार्यता
(D) समन्वय

**50.** टेलर के वैज्ञानिक प्रबन्ध की मुख्य विशेषताओं में से एक निम्नलिखित में से कौन सी नहीं है ?

(A) समय तथा गति अध्ययन
(B) निर्णय लेने में भागीदारी
(C) विभेदक उजरती-दर व्यवस्था
(D) प्रकार्यात्मक फ़ोरमैनी

Prepp
Your Personal Exams Guide

**51.** Who among the following has called Weber's ideal type of bureaucracy as unsuitable for developing societies ?
(A) H. Simon
(B) Chester I. Barnard
(C) Fred W. Riggs
(D) Dwight Waldo

**52.** The Committee on Assurances of the Parliament of India is an instrument of
(A) Executive Control
(B) Judicial Control
(C) Civil-Society Control
(D) Legislative Control

**53.** According to Herbert Simon, if a decision is directed towards individual's goal, it is
(A) Organizationally rational
(B) Personally rational
(C) Objectively rational
(D) Subjectively rational

**54.** The most logical criterion to distinguish a line function from staff is
(A) the functional relationship
(B) the authority relationship
(C) the grouping of functions
(D) the departmentalization

**55.** Central Vigilance Commission was set up on the recommendations of
(A) First Administrative Reforms Commission
(B) Gorwala Committee Report
(C) Kripalani Committee Report
(D) Santhanam Committee Report

**56.** The Lokpal and Lokayukta Bill 1968 passed by the Lok Sabha lapsed because
(A) Rajya Sabha rejected the Bill
(B) President withheld the Bill
(C) Joint Committee of the two Houses rejected the Bill
(D) of early Dissolution of Fourth Lok Sabha

**57.** Which one of the following committee's report said that Community Development Programme and National Extension Service had failed to evoke popular enthusiasm ?
(A) Sarkaria Committee Report
(B) L.M. Singhvi Committee Report
(C) G.V.K. Rao Committee Report
(D) Balwant Rai Mehta Committee Report

**58.** Which one of the following was not included by C. Rajagopalachari in the list of six fundamental requirements of a good administrator ?
(A) Character
(B) Capacity to judge matters
(C) Expertise in technical matters
(D) Firmness in decision making

**59.** Santhanam Committee on Prevention of Corruption was appointed in
(A) 1961 (B) 1962
(C) 1963 (D) 1964

**60.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** Practical application of unity of command is not always possible.

**Reason (R) :** Technical and administrative tasks require different kinds of supervision.

Select the correct answer from the codes given below :
(A) Both (A) and (R) are individually true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are individually true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**51.** वेबर की आदर्श प्रकार की नौकरशाही को विकासशील समाजों के लिये अनुपयुक्त निम्नलिखित में से किसने बताया है ?
(A) एच. साइमन
(B) चेस्टर आई. बर्नार्ड
(C) फ्रेड डब्लू. रिग्गस
(D) ड्वाईट वाल्डो

**52.** भारतीय संसद की आश्वासन समिति उपकरण है
(A) कार्यपालिका का नियन्त्रण
(B) न्यायिक नियन्त्रण
(C) सिविल समाज नियन्त्रण
(D) वैधानिक नियन्त्रण

**53.** हर्बर्ट साइमन के अनुसार 'यदि कोई निर्णय वैयक्तिक उद्देश्य की ओर निर्दिष्ट हो' तो वह होता है
(A) संगठनात्मक रूप से संगत
(B) व्यक्तिगत रूप से संगत
(C) वस्तुगत रूप से संगत
(D) आत्म रूप से संगत

**54.** 'लाइन' और 'स्टाफ' के कार्य में अन्तर करने का सर्वाधिक तार्किक मापदण्ड क्या है ?
(A) कार्यात्मक सम्बन्ध
(B) अधिकार सम्बन्ध
(C) कार्यों का समूहीकरण
(D) विभागीकरण

**55.** केंद्रीय सतर्कता आयोग किसकी सिफारिश पर स्थापित हुआ था ?
(A) प्रथम प्रशासन सुधार आयोग
(B) गोरवाला कमेटी रिपोर्ट
(C) कृपलानी कमेटी रिपोर्ट
(D) सन्थानम कमेटी रिपोर्ट

**56.** लोकपाल और लोकायुक्त बिल 1968 जिसे लोक सभा ने पारित किया, वह निरर्थक हो गया क्योंकि
(A) राज्य सभा ने इसे रद्द कर दिया ।
(B) राष्ट्रपति ने इसे रोक लिया ।
(C) दोनों सदनों की संयुक्त समिति ने इसे अस्वीकार कर दिया ।
(D) चतुर्थ लोकसभा की समयावधि से पहले भंग होने के कारण ।

**57.** निम्नलिखित कमेटियों में से किस कमेटी की रिपोर्ट में कहा गया था कि सामूहिक विकास कार्यक्रम और राष्ट्रीय विस्तार सेवा लोक उत्साह को जगाने में असफल रहे हैं ?
(A) सरकारिया कमेटी रिपोर्ट
(B) एल.एम. सिंघवी कमेटी रिपोर्ट
(C) जी.वी.के. राव कमेटी रिपोर्ट
(D) बलवन्त राय मेहता कमेटी रिपोर्ट

**58.** सी. राजगोपालाचारी द्वारा एक अच्छे प्रशासक के छ: मूलभूत अपेक्षाओं की सूची के अन्तर्गत निम्नलिखित में से किसे सम्मिलित नहीं किया गया ?
(A) आचार
(B) मामलों को आँकने का सामर्थ्य
(C) तकनीकी मामलों में विशेषज्ञता
(D) निर्णय लेने में स्थिरता

**59.** रिश्वत निवारण के लिए सन्थानम कमेटी की स्थापना किस वर्ष हुई ?
(A) 1961
(B) 1962
(C) 1963
(D) 1964

**60.** अधोलिखित दो कथन हैं जिनमें से पहले को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) कहा गया है :

**अभिकथन** (A) : आदेश की इकाई का व्यावहारिक प्रयोग सदैव संभव नहीं होता ।

**कारण** (R) : तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्य के लिए भिन्न प्रकार का पर्यवेक्षण चाहिए ।

प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**61.** What is neo-realism ?
(A) An attempt to ignore the unpleasant realities of the world.
(B) An attempt to restate the basic ideas of realism in a more 'scientific' form.
(C) A claim that international society is basically orderly and peaceful.
(D) A claim that individual human nature is central to an understanding of international politics.

**62.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes below :

| List – I (Author) | List – II (Book) |
|---|---|
| a. Hedley Bull | i. Failed States |
| b. Noam Chomsky | ii. Conflict and Defense |
| c. Robert Kaplan | iii. Anarchial Society |
| d. Kenneth Boulding | iv. Monsoon |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | iv | ii |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | i | iv | iii | ii |
| (D) | iv | ii | i | iii |

**63.** Arrange the following international politics theorists in a chronological order from the codes given below :
(i) Reinhold Niebuhr
(ii) Immanuel Kant
(iii) Antonio Gramsci
(iv) Robert W. Cox
**Codes :**
(A) (iii), (iv), (i), (ii)
(B) (iv), (i), (ii), (iii)
(C) (i), (ii), (iii), (iv)
(D) (ii), (iii), (i), (iv)

**64.** What does RMA stand for ?
(A) Revolution in Martial Affairs
(B) Revolution in Military Affairs
(C) Referendum in Military Affairs
(D) Raison d'etat in Mass Administration

**65.** What does Raison d'etat mean ?
(A) The national interest
(B) The State ought to act reasonably at all times.
(C) Citizens need to be given very good reasons for obeying the State.
(D) Citizens should consume as many raisins as possible for a good and healthy life.

**66.** Why is reform of the Security Council problematic ?
(A) Enlarging the permanent membership could impair decision making.
(B) None of the existing permanent members are keen to give up their seats.
(C) It is difficult to make an uncontroversial case for any of the potential new permanent members.
(D) All of the above.

**67.** Structural adjustment programmes require that
(A) Governments of poor countries should adopt privatization and other 'liberalizing' measures.
(B) States with weak economies should redistribute more resources to the poor.
(C) Governments of poor countries should knock down all ugly or dilapidated buildings.
(D) Ministers in under-performing countries should go on diets and keep fit.

**61.** नव यथार्थवाद क्या है ?

(A) विश्व की अप्रिय वास्तविकताओं की उपेक्षा करना ।

(B) यथार्थवाद की मूल विचारधारा का अधिक "वैज्ञानिक" रूप में पुनर्कथन का प्रयास

(C) यह दावा कि अन्तर्राष्ट्रीय समाज मूलत: सुव्यवस्थित और शान्तिप्रिय है ।

(D) यह दावा कि व्यक्तिगत मानव स्वभाव अन्तर्राष्टीय राजनीति को समझने के लिए मुख्य है ।

**62.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कोडों में से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची-I (लेखक)** | **सूची-II (पुस्तक)** |
|---|---|
| a. हेडले बुल | i. फेल्ड स्टेट्स |
| b. नोअम चोमस्की | ii. कॉनफ्लिक्ट एंड डिफेन्स |
| c. रॉबर्ट कपलन | iii. एनार्कियल सोसाइटी |
| d. केनेथ बॉल्डिंग | iv. मॉनसून |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | iv | ii |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | i | iv | iii | ii |
| (D) | iv | ii | i | iii |

**63.** निम्नलिखित अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक सिद्धान्तवादियों को क्रमानुसार व्यवस्थित करें :

(i) रिनाल्ड निबूर

(ii) इमान्यूल कान्ट

(iii) एन्टोनियो ग्रामस्की

(iv) रॉबर्ट डब्ल्यू. कॉक्स

**कोड** :

(A) (iii), (iv), (i), (ii)

(B) (iv), (i), (ii), (iii)

(C) (i), (ii), (iii), (iv)

(D) (ii), (iii), (i), (iv)

**64.** RMA (आर.एम.ए.) से क्या अभिप्राय है ?

(A) रिवोल्यूशन इन मार्शल एफेयर्स

(B) रिवोल्यूशन इन मिलिटरी अफेयर्स

(C) रिफरेन्डम इन मिलिटरी अफेयर्स

(D) रेज़न डी' इटेट इन मास एडमिनिस्ट्रेशन

**65.** रेज़न डी' इटेट से क्या अभिप्राय है ?

(A) राष्ट्रीय हित

(B) राज्य को सदैव औचित्यपूर्ण तरीके से कार्य करना चाहिए ।

(C) नागरिकों को राज्य आज्ञा पालन करने के लिए उचित कारण बताए जाने चाहिए ।

(D) नागरिकों को अच्छे और स्वस्थ जीवन के लिए यथासंभव किशमिशों का उपयोग करना चाहिए ।

**66.** सुरक्षा परिषद में सुधार करना समस्यापूर्ण क्यों है ?

(A) स्थायी सदस्यता के विस्तारण के कारण निर्णय लेने में कमी होना ।

(B) कोई भी वर्तमान स्थायी सदस्य अपने पद को छोड़ने के इच्छुक नहीं होते हैं ।

(C) किसी भी संभाव्य नए स्थायी सदस्यों के लिए अविवादास्पद केस बनाना मुश्किल होता है ।

(D) उपर्युक्त सभी ।

**67.** संरचनात्मक समायोजन कार्यक्रमों की अपेक्षा होती है कि

(A) गरीब देशों की सरकारों को निजीकरण तथा अन्य उदारवादी उपायों को अपनाना चाहिये ।

(B) कमज़ोर अर्थव्यवस्थाओं के राज्यों को गरीबों को ज्यादा संसाधन पुनर्वितरित करने चाहिये ।

(C) गरीब देशों की सरकारों को सभी बदसूरत तथा जीर्ण-शीर्ण इमारतों को तोड़ देना चाहिये ।

(D) अल्प निष्पत्ति वाले देशों को पथ्य आहार पर रहना और तंदुरुस्त रहना चाहिये ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**68.** Bandung Conference held in 1955 had the participation of representatives from
(A) Twenty two Asian countries
(B) Eighty Afro-Asian countries
(C) Twenty six African countries
(D) Twenty nine Afro-Asian countries

**69.** Who said, "Thus far the chief purpose of our military establishment has been to win wars. From now on its chief purpose must be to avert them." ?
(A) Paul Nitze
(B) George Kennan
(C) Bernard Brodie
(D) Robert Jervis

**70.** Arrange the following treaties and agreements in a chronological order. Select the answer from the codes given below :
(i) Indo-US Nuclear Treaty
(ii) Indo-Soviet Friendship Treaty
(iii) Tashkent Agreement
(iv) Shimla Agreement

**Codes :**
(A) (iii), (ii), (iv), (i)
(B) (ii), (iii), (i), (iv)
(C) (i), (iv), (ii), (iii)
(D) (iv), (i), (iii), (ii)

**71.** Expand SORT.
(A) Strategic Offensive Reduction Treaty
(B) State Organization Replan Treaty
(C) Strategic Order Reorganization Treaty
(D) Security Organization Replan Treaty

**72.** Which of the following statements are correct ?
1. India has signed the NPT.
2. China has not signed the NPT.
3. India and Pakistan have not signed the NPT.
4. NPT has been signed by Iran, North Korea.

(A) All are correct.
(B) All are false.
(C) 3 & 4 are correct.
(D) 1 & 2 are correct.

**73.** Identify which of the following are correct statements :
(i) India is a member of the Indian Ocean Rim Association for Regional Cooperation [IOR-ARC].
(ii) [IOR-ARC] helps better relations with Pakistan.
(iii) It defines the Exclusive Economic Zones.
(iv) Indian Ocean has no sea piracy.

**Codes :**
(A) (i) and (ii) are correct.
(B) (iii) and (iv) are correct.
(C) (i) and (iii) are correct.
(D) (ii) and (iv) are correct.

**74.** The Axis of evil is a phrase deliberately used by President George W. Bush in January 2002 to characterize
(A) Iran, North Korea and Iraq
(B) Taliban, Al-Queda and LeT
(C) Cuba, Venezuela, Nicaragua
(D) Pakistan, Afghanistan, Sri Lanka

**75.** Martin Wight emphasized three philosophical traditions of International politics, they are
(A) Realism, Liberalism, Marxism
(B) Realism, Rationalism, Revolutionism
(C) Radicalism, Realism, Religion
(D) Neo-Realism, Neo-Liberalism, Constructivism

**68.** वर्ष 1955 में आयोजित बैंडूंग परिषद में निम्नलिखित में से किसके प्रतिनिधियों ने भाग लिया था ?

(A) बाइस एशियायी देश ।

(B) अस्सी अफ्रीकि-एशियायी देश ।

(C) छब्बीस अफ्रीकी देश ।

(D) उन्तीस अफ्रीकि-एशियायी देश ।

**69.** "अब तक हमारी सैनिक स्थापना का मुख्य उद्देश्य युद्ध जीतना रहा है । अब से इसका मुख्य उद्देश्य इनसे बचना होगा ।" यह किसका कथन है ?

(A) पार्ल नित्ज़े

(B) जॉर्ज केनन

(C) बर्नार्ड ब्रोडी

(D) रॉबर्ट जरविस

**70.** निम्नलिखित सन्धियों और समझौतों को क्रमानुसार व्यवस्थित करें । नीचे दिए गए कोड से उत्तर का चयन करें ।

(i) भारत-यू एस परमाणु सन्धि

(ii) भारत-सोवियत मित्रता सन्धि

(iii) ताशकंद समझौता

(iv) शिमला समझौता

**कोड** :

(A) (iii), (ii), (iv), (i)

(B) (ii), (iii), (i), (iv)

(C) (i), (iv), (ii), (iii)

(D) (iv), (i), (iii), (ii)

**71.** एस.ओ.आर.टी. (SORT) का विस्तृत रूप बताएँ :

(A) स्ट्रैटेजिक ऑफेन्सिव रिडक्शन ट्रीटी

(B) स्टेट ऑर्गेनाईज़ेशन रिप्लान ट्रीटी

(C) स्ट्रैटेजिक ऑर्डर रिऑर्गेनाइज़ेशन ट्रीटी

(D) सिक्योरिटी ऑर्गेनाइज़ेशन रिप्लान ट्रीटी

**72.** निम्नलिखित में से कौन सा अभिकथन सत्य है ?

1. भारत ने एन.पी.टी. (NPT) पर हस्ताक्षर किए हैं ।
2. चीन ने एन.पी.टी. (NPT) पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं ।
3. भारत और पाकिस्तान ने एन.पी.टी. (NPT) पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं ।
4. एन.पी.टी. (NPT) पर ईरान, नार्थ कोरिया ने हस्ताक्षर किए हैं ।

(A) सभी सही हैं ।

(B) सभी गलत हैं ।

(C) 3 और 4 सही हैं ।

(D) 1 और 2 सही हैं ।

**73.** निम्नलिखित में से कौन से अभिकथन सही हैं ?

(i) भारत रीजनल को-ऑपरेशन के लिए इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन का सदस्य है । (आई.ओ.आर.-ए.आर.सी.) ।

(ii) IOR-ARC (आई.ओ.आर.-ए.आर.सी.) पाकिस्तान के साथ अच्छे सम्बन्ध स्थापित करने में मदद करता है ।

(iii) यह विशेष आर्थिक क्षेत्रों को परिभाषित करता है ।

(iv) हिन्द महासागर में जल दस्युता नहीं है ।

**कोड** :

(A) (i) और (ii) सही हैं ।

(B) (iii) और (iv) सही हैं ।

(C) (i) और (iii) सही हैं ।

(D) (ii) और (iv) सही हैं ।

**74.** बुराई की धुरी एक उक्ति है जिसका प्रयोग जान बूझ कर जॉर्ज डब्ल्यू. बुश ने 2002 में किसका बोध करवाने के लिए किया था ?

(A) ईरान, उत्तरी कोरिया और इराक

(B) तालिबान, अलकायदा और लेट (LeT)

(C) क्यूबा, वेनेजुएला, निकारागुआ

(D) पाकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका

**75.** मार्टिन वेट ने अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति की तीन दार्शनिक परम्पराओं पर बल दिया है । वे हैं

(A) यथार्थवाद, उदारवाद, मार्क्सवाद

(B) यथार्थवाद, बुद्धिवाद, क्रान्तिवाद

(C) अतिवाद, यथार्थवाद, धर्म

(D) नव-यथार्थवाद, नव-उदारवाद, रचनात्मकवाद

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide